प्रभात खबर
कोलकाता, शुक्रवार, 25.06.2021

सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी में टीकाकरण शिविर

कोलकाता. सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी (न्यू टाउन) में राज्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से फैकल्टी सदस्यों, अधिकारियों समेत अन्य कर्मचारियों के लिए टीकाकरण शिविर लगाया गया. मौके पर उत्तर 24 परगना जिले के डीएम सुमित गुप्ता भी उपस्थित थे. यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ जॉन फेलिक्स राज ने कहा कि कोरोना वायरस से लड़ने के लिए वैक्सीनेशन बेहतर हथियार है. अपने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित रखने के लिए ही टीकाकरण शिविर लगाया गया है. उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस में एल्युमनाई सदस्यों की सहायता से 40 बेड का एक सेफ होम भी बनाया गया है. यूनिवर्सिटी की ओर से गत 15 महीनों में कई सामाजिक कार्यों के साथ जरूरतमंदों में राहत सामग्री भी बांटी गयी. इन कार्यों में यूनिवर्सिटी के वर्तमान व पूर्व छात्रों का काफी सहयोग रहता है.